# भारत का विदेश व्यापार : 2008-09 (अप्रैल-दिसंबर)*

वााणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएंडएस) ने हाल ही में भारत के वणिक माल के व्यापार संबंधी अप्रैल-दिसंबर, 2008 के अनंतिम आंकड़े और अप्रैल- अक्तूबर, 2008 का पण्यवार ब्योरा जारी किया है। इस लेख में भारत के वणिक व्यापार की समीक्षा इन आंकड़ों के आधार पर की गई है।

## मुख्य -मुख्य बातें

- दिसंबर 2008 में 12.7 बिलियन अमरीकी डॉलर पर भारत से वणिक माल के निर्यात में दिसंबर 2007 के 20.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 1.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अक्तूबर 2008 से निर्यात में गिरावट जारी रहने के कारण अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान 130.9 बिलियन अमरीकी डॉलर के समग्र निर्यात ने एक वर्ष पूर्व के 23.2 प्रतिशत की तुलना में 16.3 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्ज की।

- दिसंबर 2008 के दौरान 20.3 बिलियन अमरीकी डॉलर पर आयात दिसंबर 2007 के 24.3 प्रतिशत वृद्धि से गिरकर 8.8 प्रतिशत हो गया। इसका प्रमुख कारण तेल आयात में आई गिरावट है। लेकिन, अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान 224.4 बिलियन अमरीकी डॉलर के समग्र निर्यात ने एक वर्ष पूर्व के 27.6 प्रतिशत की तुलना में 30.8 प्रतिशत की उच्चतर वृद्धि बनाए रखी।

- अप्रैल -दिसंबर, 2008 के दौरान 78.0 बिलियन अमरीकी डॉलर के आयात पर पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) की कीमतों में अप्रैल-दिसंबर, 2007 के 24.0 प्रतिशत की तुलना में 43.3 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई। इसका प्रमुख कारण मई-अगस्त 2008 में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों के उच्च मूल्य रहे। अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान भारतीय बास्केट के कच्चे तेल का औसत मूल्य 95.5 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल रहा, जो अप्रैल-दिसंबर,

* यह लेख अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग , आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग, में तैयार किया गया है । इस लेख का पिछला अंक फरवरी 2009 के रिज़र्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित किया गया था।

2007 के 74.7 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल से 27.9 प्रतिशत अधिक था।

- अप्रैल-दिसंबर, 2008 में 146.4 बिलियन अमरीकी डॉलर पर तेल से इतर आयात एक वर्ष पूर्व के 29.3 प्रतिशत से गिरकर 25.0 प्रतिशत हो गया। इसका प्रमुख कारण मोती, मूल्यवान तथा कम मूल्यवान पत्थर, सोना तथा चांदी, इलेक्ट्रानिक माल के आयात में आई गिरावट और यातायात उपस्कारों के आयात में आई मंद गति है।

- अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान व्यापार घाटा 93.5 बिलियन अमरीकी डॉलर था जो अप्रैल-दिसंबर, 2007 के 59.0 बिलियन अमरीकी डॉलर के घाटे की तुलना में 34.5 बिलियन अमरीकी डॉलर (58.5 प्रतिशत) अधिक था।

**सारणी 1: भारत का वणिक व्यापार: अप्रैल- दिसंबर**

(बिलियन अमरीकी डालर)

| मदें | 2007-08 सं | 2008-09 अ |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| निर्यात | 112.6 (23.2) | 130.9 (16.3) |
| तेल निर्यात | 19.5 (36.4) | 20.5 * (35.3) * |
| तेल से इतर निर्यात | 93.1 (20.8) | 88.0 * (21.0) * |
| आयात | 171.6 (27.6) | 224.4 (30.8) |
| तेल आयात | 54.4 (24.0) | 78.0 (43.3) |
| तेल से इतर आयात | 117.2 (29.3) | 146.4 (25.0) |
| व्यापार संतुलन | -59.0 | -93.5 |
| तेल व्यापार संतुलन | -34.9 | -49.2 * |
| तेल से इतर व्यापार संतुलन | -24.1 | -26.7 * |


* : आंकड़े अप्रैल-अक्तूबर के हैं ।
सं.: संशोधित अ:अनंतिम
**टिप्पणी** : कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन दर्शाते हैं।
**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

## 2008-09 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान भारत का वणिक व्यापार

### निर्यात

अप्रैल-अगस्त, 2008 के दौरान भारत के वणिक माल के निर्यात में 35.3 प्रतिशत की वृद्धि होने के बाद वैश्विक आर्थिक मंदी के प्रभाव के कारण लगातार तीन महीनों (अक्तूबर में -12.1 प्रतिशत), (नवंबर में -9.9 प्रतिशत) और (दिसंबर में -1.1 प्रतिशत) में गिरावट दर्ज की (चार्ट 1)। परिणामस्वरूप, अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान 130.9 बिलियन अमरीकी डॉलर के समग्र निर्यात ने पिछले वर्ष के उसी अवधि के 23.2 प्रतिशत की तुलना में 16.3 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्ज की (सारणी 1)।

**चार्ट 1: निर्यात, आयात और व्यापार संतुलन**



वस्त्रोद्योग, रत्न एवं आभूषणों और चमड़ा जैसे श्रम पर आधारित क्षेत्रों, मुख्यतः विकसित क्षेत्रों, अथति ईयू और यूस ,के निर्यात पर मांग के अभाव के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएंडएस) द्वारा अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के लिए उपलब्ध भारत के पण्य-वार निर्यात आंकड़े यह दर्शाते हैं कि 64.1 प्रतिशत पर विनिर्मित वस्तुओं का हिस्सा सर्वाधिक रहा। उसके बाद पेट्रोलियम उत्पाद (18.9 प्रतिशत) और प्राथमिक उत्पाद (14.7 प्रतिशत) रहे। अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान इंजीनियरिंग माल, कृषि और कृषि से संबंधित उत्पाद, रसायन और संबंधित उत्पाद और पेट्रोलियम उत्पाद का निर्यात वृद्धिशील रहा, जबकि अयस्क और खनिज, चमड़ा और चमड़े के उत्पाद, वस्त्र और वस्त्र उत्पाद और रत्न एवं आभूषण में गति मंद हो गई तथा हस्तकला निर्यात में गिरावट दर्ज की गई (सारणी 2)। लेकिन,

**सारणी 2: भारत के निर्यात की प्रमुख वस्तुएं**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - अक्तूबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **15.6** | **16.9** | **14.4** | **14.7** |
| कृषि और संबद्ध उत्पाद | 10.0 | 11.3 | 9.5 | 10.4 |
| अयस्क और खनिज | 5.5 | 5.6 | 4.8 | 4.4 |
| **II विनिर्मित वस्तुएं** | **67.2** | **63.2** | **65.6** | **64.1** |
| चमड़ा और चमड़े के उत्पाद | 2.4 | 2.2 | 2.3 | 2.1 |
| रसायन और संबद्ध उत्पाद | 13.7 | 13.0 | 13.0 | 12.9 |
| इंजीनियरिंग माल | 23.4 | 22.9 | 23.2 | 25.8 |
| वस्त्र और वस्त्र उत्पाद | 13.7 | 11.9 | 12.4 | 10.7 |
| रत्न एवं आभूषण | 12.6 | 12.1 | 13.4 | 11.6 |
| **III.पेट्रोलियम उत्पाद** | **14.8** | **17.4** | **17.2** | **18.9** |
| **IV. अन्य** | **2.4** | **2.5** | **2.8** | **2.3** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत :** डीजीसीआइ एंड एस के आंकड़ों से संकलित।

अक्तूबर 2007 की तुलना में अक्तूबर 2008 में, इंजीनियरिंग माल को छोड़कर, सभी प्रमुख पण्यों के समूहों में सभी स्तर पर गिरावट दर्ज की गई ।

अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान 16.0 बिलियन अमरीकी डॉलर पर प्राथमिक उत्पादों का निर्यात एक वर्ष पूर्व की उसी अवधि के 27.7 प्रतिशत की अल्प गिरावट के बाद 26.6 प्रतिशत हो गया। प्राथमिक उत्पादों में खाद्य तेल, तंबाकू, कॉफी और काजू के निर्यात में तीव्र वृद्धि के कारण कृषि और कृषि से संबंधित उत्पादों में एक वर्ष पूर्व के 29.8 प्रतिशत की तुलना में 34.2 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई। अन्य प्रमुख पण्यों जैसे चावल, मसाले, चीनी और शीरा तथा समुद्री उत्पाद के निर्यात की वृद्धि में मंदी / गिरावट जारी रही। अयस्क और खनिज के निर्यात में (एक वर्ष पूर्व 23.7 प्रतिशत) 11.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान 69.5 बिलियन अमरीकी डॉलर पर विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात में 20.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष (20.9 प्रतिशत) की उसी अवधि की वृद्धि के लगभग बराबर थी। विनिर्मित वस्तुओं में इंजीनियरिंग माल और रसायन तथा संबंधित उत्पादों में तीव्र वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वस्त्र और वस्त्र उत्पाद, चमड़ा और चमड़े के उत्पाद तथा रत्न एवं आभूषण का निर्यात मंद हो गया।

अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान 28.0 बिलियन अमरीकी डॉलर पर इंजीनियरिंग वस्तुओं, जिसका कुल निर्यात में हिस्सा लगभग एक चौथाई था, की निर्यात वृद्धि पिछले वर्ष के 25.7 प्रतिशत से बढ़कर 37.5 प्रतिशत हो गई। इसका प्रमुख कारण परिवहन उपकरणों, लोहे और इस्पात तथा इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्यात में हुई वृद्धि थी। मजबूत निर्यात कार्यनिष्पादन के कारण परिवहन उपकरणों का सिंगापुर, यूएस और यूके जैसे प्रमुख बाजारों के निर्यात में, विशेषतः अप्रैल-सितंबर, 2008 में, तीव्र वृद्धि दर्ज की गई।

अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान 14.0 बिलियन अमरीकी डॉलर पर रसायन और संबंधित उत्पादों के निर्यात में (एक वर्ष पूर्व 18.0 प्रतिशत ) 22.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस उच्च वृद्धि में मूल रसायन, फार्मास्यूटिकल और कॉस्मेटिक उत्पादों का हिस्सा प्रमुख रहा।

अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान 11.6 बिलियन अमरीकी डॉलर पर वस्त्र और वस्त्र उत्पादों के निर्यात (एक वर्ष पूर्व 10.8 प्रतिशत) में 6.4 प्रतिशत की अल्प वृद्धि दर्ज की गई। वस्त्र और वस्त्र उत्पादों, जिसमें तैयार कपड़ों का हिस्सा लगभग 50 प्रतिशत है, के निर्यात वृद्धि की गति धीमी हो गई। निर्यात की अन्य प्रमुख मदों में मानव निर्मित धागे, फैब्रिक और बने बनाए कपड़े तथा सूती धागे थे।

अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान 12.6 बिलियन अमरीकी डॉलर पर रत्न एवं आभूषण का निर्यात एक वर्ष पूर्व की उसी अवधि के 26.9 प्रतिशत से गिरकर 7.4 प्रतिशत हो गया, जो भारत से हांगकांग, अमरीका और यूएई जैसे प्रमुख बाजारों को हो रहे रत्न एवं आभूषण के निर्यात में आई मंदी को प्रतिबिंबित करता है।

अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान 20.5 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पेट्रोलियम उत्पाद का निर्यात एक वर्ष पूर्व के 31.8 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर 35.3 प्रतिशत हो गया। लेकिन, निर्यात की मात्रा से यह प्रतीत होता है कि एक वर्ष पूर्व के 22.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में निर्यात में 11.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान भारत के पेट्रोलियम उत्पाद के संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर और नीदरलैंड जैसे प्रमुख बाजारों को हो रहे निर्यात में तेज वृद्धि दर्ज की गई।

गंतव्य-वार, अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान, विकासशील देश 40.3 प्रतिशत के अपने हिस्से के साथ निर्यात के प्रमुख बाजार बने रहे, इसके बाद आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देशों का हिस्सा (37.9 प्रतिशत) और पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन का हिस्सा (19.9 प्रतिशत) रहा। यूएस पिछले वर्ष की (13.7 प्रतिशत) तुलना में अपने हिस्से में आई गिरावट के बावजूद 11.8 प्रतिशत के हिस्से के साथ भारत का एकमात्र बड़ा निर्यातक बना रहा (सारणी 3)। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (11.2 प्रतिशत), सिंगापुर (5.3 प्रतिशत), चीन (4.5 प्रतिशत), हांगकांग(3.8 प्रतिशत) रहे। अक्तूबर 2008 के क्षेत्र-वार ब्यौरों से यह पता चलता है कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन को छोड़कर भारत के निर्यात वृद्धि में गिरावट आई।

**सारणी 3 : भारत का प्रमुख क्षेत्रों को निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| क्षेत्र | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - अक्तूबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **41.2** | **38.5** | **40.5** | **37.9** |
| यूरोपीय संघ | 20.4 | 20.2 | 21.5 | 21.3 |
| उत्तर अमरीका | 15.8 | 13.5 | 14.5 | 12.5 |
| यू.एस | 14.9 | 12.7 | 13.7 | 11.8 |
| एशिया और ओशेनिया | 3.4 | 3.2 | 3.0 | 2.5 |
| आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश | 1.6 | 1.6 | 1.6 | 1.5 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यात देशों का संगठन** | **16.4** | **16.4** | **17.4** | **19.9** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2.0** | **2.1** | **1.1** | **1.2** |
| **IV. विकासशील देश** | **40.2** | **42.7** | **40.6** | **40.3** |
| एशिया | 29.8 | 31.6 | 29.5 | 29.4 |
| सार्क | 5.1 | 5.9 | 5.3 | 5.1 |
| एशिया के अन्य विकासशील देश | 24.6 | 25.7 | 24.2 | 24.3 |
| अफ्रीका | 7.0 | 7.7 | 7.9 | 7.1 |
| लैटिन अमरीकी देश | 3.4 | 3.4 | 3.2 | 3.8 |
| **V. अन्य / अविनिर्दिष्ट** | **0.3** | **0.4** | **0.4** | **0.7** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

## आयात

अप्रैल-सितंबर, 2008 के दौरान वणिक माल, जिसके आयात में उच्च वृद्धि (44.9 प्रतिशत) दर्ज की गई थी, में वृद्धि की धीमी गति महसूस करते हुए अक्तूबर 2008 (10.6 प्रतिशत), नवंबर (में 6.1 प्रतिशत) और दिसंबर (में 8.8 प्रतिशत) में वृद्धि दर्ज हुई जो औद्योगिक गतिविधियों में आई मंदी को प्रतिबिंबित करती है। लेकिन, अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान 224.4 बिलियन अमरीकी

डॉलर पर समग्र आयात में एक वर्ष पूर्व के 27.6 प्रतिशत की तुलना में, अप्रैल-सितंबर, 2008 में मजबूत आयात वृद्धि के कारण, 30.8 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई। अक्तूबर 2008 से मूल्यों में तीव्र गिरावट के बावजूद अप्रैल-सितंबर 2008 में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें तीव्र रहने के कारण अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान 78.0 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) के आयात में 43.3 प्रतिशत (एक वर्ष पूर्व 24.0 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई। अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान भारतीय बास्केट के कच्चे तेल का औसत मूल्य 95.5 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल रहा (40.6 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल और 132.5 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल के दायरे में) जो अप्रैल-दिसंबर, 2007 के 74.7 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल की तुलना में 27.9 प्रतिशत अधिक था (सारणी 4)। अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान तेल से इतर आयात एक वर्ष पूर्व के 29.3 प्रतिशत से गिरकर 25.0 प्रतिशत हो गया।

**सारणी 4: कच्चे तेल की कीमतों की प्रवृत्तियाँ**

(अमरीकी डॉलर/बैरल)

| वर्ष | दुबई | ब्रैंट | डब्ल्यू टीआइ* | भारतीय बास्केट** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 39.2 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.7 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.4 |
| 2007-08 | 77.3 | 82.4 | 82.3 | 79.5 |
| अप्रैल-दिसंबर 2007 | 72.6 | 77.6 | 77.0 | 74.7 |
| अप्रैल-दिसंबर 2008 | 94.6 | 98.0 | 100.1 | 95.5 |
| दिसंबर 2007 | 85.8 | 91.5 | 91.4 | 87.9 |
| दिसंबर 2008 | 41.0 | 41.6 | 41.4 | 40.6 |

* : वेस्ट टैक्सास इंटरमीडिएट

** : 2008-09 के लिए कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का संयोजन सोर ग्रेड के लिए ओमान और दुबई तथा स्वीट ग्रेड के लिए ब्रैंट (दिनांकित) 62.3:37.7 अनुपात दर्शाता है।

**स्रोत :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, विश्व बैंक पण्य मूल्य पिंकशीट जनवरी 2009।

अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान आयात के पण्यवार आंकड़े यह दर्शाते हैं कि कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य उच्च रहने के कारण पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) के आयात में पिछले वर्ष की उसी अवधि के 17.1 प्रतिशत की तुलना में 69.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) से इतर के आयात में अल्प वृद्धि हुई (33.3 प्रतिशत से 24.6 प्रतिशत तक ) जिसका प्रमुख कारण मोती, मूल्यवान तथा कम मूल्यवान रत्न और सोना तथा चांदी के आयात में आई गिरावट है। अप्रैल-अक्तूबर, 2008 की अवधि के दौरान इलेक्ट्रानिक वस्तुएं तथा परिवहन उपकरण जैसे पूंजी माल के आयात में आई धीमी गति /गिरावट भी देखने को मिली, जबकि रसायन और उर्वरक में तीव्र वृद्धि दर्ज की गई।

स्रोत-वार, अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान पेट्रोलियम निर्यात देशों के संगठन का भारत के आयात में (36.6 प्रतिशत) सर्वाधिक हिस्सा था। उसके बाद विकासशील देश (31.1 प्रतिशत) और आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश (29.6 प्रतिशत) रहे [सारणी 6]। अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान कुल आयात में 10.3 प्रतिशत

**सारणी 5: प्रमुख पण्यों का आयात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - अक्तूबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उत्पाद | 30.8 | 31.7 | 30.9 | 37.8 |
| 2. पूंजीगत माल | 25.3 | 28.2 | 23.2 | 20.1 |
| 3. सोना और चांदी | 7.9 | 7.1 | 9.5 | 6.2 |
| 4. कार्बनिक तथा अकार्बनिक रसायन | 4.2 | 3.9 | 4.2 | 4.7 |
| 5. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 2.5 | 2.6 | 2.6 | 3.7 |
| 6. उर्वरक | 1.7 | 2.2 | 2.2 | 5.4 |
| 7. धातु अयस्क , धातु स्क्रैप आदि | 4.5 | 3.1 | 3.5 | 2.9 |
| 8. लोहा और इस्पात | 3.5 | 3.5 | 3.9 | 3.3 |
| 9. मोती, मूल्यवान तथा कम मूल्यवान रत्न | 4.0 | 3.2 | 4.1 | 2.6 |
| 10. अन्य | 19.6 | 18.7 | 21.9 | 18.4 |
| **कुल आयात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

**सारणी 6: भारत के आयात में देश समूहों / देशों का हिस्सा**

(प्रतिशत हिस्सा)

| समूह/देश | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - अक्तूबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **34.5** | **34.8** | **34.2** | **29.6** |
| यूरोपीय संघ | 15.3 | 14.6 | 14.7 | 12.1 |
| फ्रांस | 2.3 | 2.5 | 1.0 | 0.9 |
| जर्मनी | 4.1 | 3.9 | 3.9 | 3.4 |
| ब्रिटेन | 2.2 | 2.0 | 2.3 | 1.7 |
| उत्तर अमरीका | 7.3 | 9.1 | 6.7 | 6.3 |
| यू.एस.ए. | 6.3 | 8.4 | 5.9 | 5.7 |
| एशिया और ओसेनिया | 6.4 | 5.8 | 6.6 | 5.9 |
| आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश | 5.5 | 5.2 | 6.3 | 5.3 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **30.2** | **30.3** | **30.5** | **36.6** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2.7** | **2.1** | **1.6** | **2.4** |
| **IV. विकासशील देश** | **32.2** | **32.1** | **33.3** | **31.1** |
| एशिया | 25.5 | 25.5 | 26.9 | 25.0 |
| दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ | 0.8 | 0.8 | 0.8 | 0.6 |
| अन्य एशियाई विकासशील देश | 24.7 | 24.7 | 26.1 | 24.4 |
| *जिसमें से:* | | | | |
| चीन गणराज्य | 9.4 | 10.8 | 11.5 | 10.3 |
| अफ्रीका | 3.7 | 4.1 | 4.1 | 4.3 |
| लैटिन अमरीकी देश | 3.0 | 2.4 | 2.3 | 1.8 |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ो से संकलित।

के हिस्से के साथ चीन एकल सबसे बडा स्रोत बना रहा जिसके बाद सउदी अरब (8.2 प्रतिशत), संयुक्त अरब अमीरात (6.2 प्रतिशत), यूएस (5.7 प्रतिशत), ईरान (4.8 प्रतिशत) और स्विटजरलैंड (4.3 प्रतिशत) का स्थान था।


## व्यापार घाटा

अप्रैल-दिसंबर, 2007 के 59.0 बिलियन अमरीकी डॉलर के व्यापार घाटे की तुलना में अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान हुए 93.5 बिलियन अमरीकी डॉलर का व्यापार घाटा 34.5 बिलियन अमरीकी डॉलर (58.5 प्रतिशत) बढ़ गया। अप्रैल-अक्तूबर, 2008 के दौरान तेल व्यापार घाटा 49.2 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया जो एक वर्ष पूर्व के 26.0 बिलियन अमरीकी डॉलर से 23.1 बिलियन अमरीकी डॉलर अधिक रहा। इसी दौरान 26.7 बिलियन अमरीकी डॉलर पर तेल से इतर व्यापार घाटा एक वर्ष पूर्व के 19.3 बिलियन अमरीकी डॉलर से 7.3 बिलियन अमरीकी डॉलर अधिक रहा।

## विश्व व्यापार

वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी मंदी ने विश्व वणिक व्यापार पर, विशेषतः अगस्त 2008 से, प्रभाव ड़ाला है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ), अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी (आइएफएस) के अनुसार विश्व वणिक माल निर्यात, डॉलर के रूप में, जो जनवरी-सितंबर के दौरान 22.6 प्रतिशत बढ़ा था, अक्तूबर 2008 में कम होकर 2.7 प्रतिशत रह गया। अक्तूबर 2008 के दौरान उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से निर्यात 10.8 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि विकसित देशों के निर्यात में ऋणात्मक वृद्धि (-1.4 प्रतिशत) हुई (चार्ट 2)। फिर भी, समग्र निर्यात में एक वर्ष पूर्व के 14.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में जनवरी-अक्तूबर, 2008 के दौरान 20.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसका प्रमुख कारण 2008 के पहले छः महीनों में निर्यात में हुई तीव्र वृद्धि थी। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात ने (एक वर्ष पूर्व 13.4 प्रतिशत) 16.9 प्रतिशत की वृद्धि बनाए रखी, जबकि उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से निर्यात में जनवरी-अक्तूबर, 2007 के 17.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 26.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (सारणी 7)।

**चार्ट 2: वैश्विक निर्यात वृद्धि की मासिक प्रवृत्ति - 2008**



**सारणी 7: निर्यात में वृद्धि - वैश्विक परिदृश्य**

(प्रतिशत)


| क्षेत्र / देश | 2006 | 2007 | 2007 | 2008 |
|---|---|---|---|---|
| | जनवरी-दिसंबर | | जनवरी -अक्तूबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **विश्व** | **16.1** | **14.0** | **14.8** | **20.3** |
| **उन्नत देश** | **12.6** | **13.4** | **13.4** | **16.9** |
| यू.एस | 14.5 | 12.0 | 11.8 | 16.2 |
| फ्रांस | 10.1 | 12.3 | 12.2 | 17.1 |
| जर्मनी | 14.7 | 18.4 | 19.4 | 16.9 |
| जापान | 9.2 | 7.8 | 8.5 | 18.6 |
| **उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं** | **22.8** | **15.1** | **17.4** | **26.2** |
| सिंगापुर | 18.4 | 10.1 | 9.7 | 19.7 |
| चीन | 27.2 | 25.6 | 26.5 | 22.0 |
| भारत | 21.4 | 21.5 | 20.8 | 27.3 |
| इंडोनेशिया | 19.0 | 14.7 | 14.2 | 24.5 |
| कोरिया | 14.4 | 14.1 | 13.7 | 21.0 |
| मलेशिया | 14.0 | 9.6 | 9.1 | 16.8 |
| थाइलैंड | 18.7 | 17.0 | 15.9 | 23.1 |

**स्रोत :** (1) आंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (www.imfstatistics.org)।
(2) भारत के लिए वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## पण्य मूल्य

विश्व पण्य मूल्यों में अधोमुखी रुझान जारी रहा। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी (आइएफएस) के अनुसार, विश्व पण्य के मूल्य जो अगस्त 2008 से कम हो गए थे उनमें दिसंबर 2008 से 36.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट ऊर्जा, धातु और खाद्य मूल्यों में दिखी। ऊर्जा मूल्य 42.7 प्रतिशत गिर गए और धातु के मूल्य 36.4 प्रतिशत गिर गए तथा खाद्य मूल्यों में 18.4 प्रतिशत की गिरावट आई (चार्ट 3)।

**चार्ट 3 : वैश्विक पण्य मूल्य**
**(आधार:2000=100)**




**स्रोत :** विश्व पण्य मूल्य सूचकांक, आंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (www.imfstatistics.org)

| विवरण 1: भारत का विदेश व्यापार - दिसंबर 2008 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| करोड़ रुपए | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 47,368 | 6,666 | 40,702 | 66,848 | 19,828 | 47,020 | -19,479 | -13,162 | -6,318 |
| | (12.4) | (39.5) | (8.9) | (18.2) | (16.9) | (18.8) | | | |
| 2007-08 सं | 50,580 | 9,005 | 41,575 | 73,395 | 26,913 | 46,482 | -22,815 | -17,908 | -4,907 |
| | (6.8) | (35.1) | (2.1) | (9.8) | (35.7) | (-1.1) | | | |
| 2008-09 अ | 61,715 | .. | .. | 98,515 | 22,919 | 75,596 | -36,800 | | |
| | (22.0) | | | (34.2) | (-14.8) | (62.6) | | | |
| मिलियन अमरीकी डॉलर | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 10,612 | 1,494 | 9,119 | 14,977 | 4,442 | 10,534 | -4,364 | -2,949 | -1415 |
| | (14.9) | (42.7) | (11.4) | (20.9) | (19.5) | (21.5) | | | |
| 2007-08 सं | 12,825 | 2,283 | 10,541 | 18,610 | 6,824 | 11,786 | -5,785 | -4,541 | -1,244 |
| | (20.8) | (52.9) | (15.6) | (24.3) | (53.6) | (11.9) | (32.6) | | |
| 2008-09 अ | 12,690 | .. | .. | 20,256 | 4,712 | 15,544 | -7,567 | | |
| | (-1.1) | | | (8.8) | (-30.9) | (31.9) | (30.8) | | |
| मिलियन एस डी आर | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 7,038 | 990 | 6,048 | 9,932 | 2,946 | 6,986 | -2,894 | -1,956 | -939 |
| | (9.1) | (35.4) | (5.7) | (14.7) | (13.4) | (15.3) | | | |
| 2007-08 सं | 8,131 | 1,448 | 6,684 | 11,799 | 4,327 | 7,473 | -3,668 | -2,879 | -789 |
| | (15.5) | (46.2) | (10.5) | (18.8) | (46.9) | (7.0) | | | |
| 2008-09 अ | 8,335 | .. | .. | 13,305 | 3,095 | 10,210 | -4,970 | | |
| | (2.5) | | | (12.8) | (-28.5) | (36.6) | | | |

अ : अनंतिम सं : संशोधित .. : अनुलपब्ध

**टिप्पणी :** कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

**विवरण 2: भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल-मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 456,418<br>(21.6) | 51,533<br>(64.1) | 404,885<br>(17.7) | 660,409<br>(31.8) | 194,640<br>(45.2) | 465,769<br>(26.9) | -203,991 | -143,107 | -60,884 |
| 2006-07 सं. | 571,779<br>(25.3) | 84,520<br>(64.0) | 487,259<br>(20.3) | 840,506<br>(27.3) | 258,572<br>(32.8) | 581,935<br>(24.9) | -268,727 | -174,052 | -94,675 |
| 2007-08 अ | 655,864<br>(14.7) | 114,192<br>(35.1) | 541,672<br>(11.2) | 1,012,312<br>(20.4) | 320,655<br>(24.0) | 691,657<br>(18.9) | -356,448 | -206,463 | -149,985 |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 103,091<br>(23.4) | 11,640<br>(66.5) | 91,451<br>(19.5) | 149,166<br>(33.8) | 43,963<br>(47.3) | 105,203<br>(28.8) | -46,075 | -32,323 | -13,752 |
| 2006-07 सं. | 126,361<br>(22.6) | 18,679<br>(60.5) | 107,683<br>(17.7) | 185,749<br>(24.5) | 57,144<br>(30.0) | 128,606<br>(22.2) | -59,388 | -38,465 | -20,923 |
| 2007-08 अ | 162,904<br>(28.9) | 28,363<br>(51.8) | 134,541<br>(24.9) | 251,439<br>(35.4) | 79,645<br>(39.4) | 171,795<br>(33.6) | -88,535 | -51,281 | -37,254 |
| **मिलियन एस डी आर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 70,774<br>(26.2) | 7,991<br>(70.3) | 62,783<br>(22.2) | 102,405<br>(36.8) | 30,182<br>(50.6) | 72,224<br>(31.7) | -31,632 | -22,191 | -9,441 |
| 2006-07 सं. | 85,018<br>(20.1) | 12,567<br>(57.3) | 72,451<br>(15.4) | 124,975<br>(22.0) | 38,447<br>(27.4) | 86,528<br>(19.8) | -39,957 | -25,880 | -14,077 |
| 2007-08 अ | 104,686<br>(23.1) | 18,227<br>(45.0) | 86,459<br>(19.3) | 161,581<br>(29.3) | 51,181<br>(33.1) | 110,399<br>(27.6) | -56,895 | -32,955 | -23,940 |
| **अप्रैल-नवंबर** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 416,686<br>(28.6) | 65,328<br>(80.1) | 351,357<br>(22.1) | 613,523<br>(27.1) | 200,090<br>(43.7) | 413,433<br>(20.4) | -196,837 | -134,762 | -62,075 |
| 2007-08 सं. | 454,997<br>(9.2) | 78,920<br>(20.8) | 376,077<br>(7.0) | 693,445<br>(13.0) | 219,897<br>(9.9) | 473,548<br>(14.5) | -238,448 | -140,978 | -97,470 |
| 2008-09 अ | 585,593<br>(28.7) | .. | .. | 1,003,947<br>(44.8) | 348,868<br>(58.7) | 655,079<br>(38.3) | -418,354 | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 91,361<br>(24.7) | 14,324<br>(74.6) | 77,038<br>(18.4) | 134,519<br>(23.3) | 43,871<br>(39.4) | 90,648<br>(16.8) | -43,158 | -29,547 | -13,610 |
| 2007-08 सं. | 112,603<br>(23.2) | 19,531<br>(36.4) | 93,072<br>(20.8) | 171,614<br>(27.6) | 54,420<br>(24.0) | 117,194<br>(29.3) | -59,011<br>(36.7) | -34,889 | -24,122 |
| 2008-09 अ | 130,909<br>(16.3) | 20454*<br>(35.3) | 87953*<br>(21.0) | 224,432<br>(30.8) | 77,989<br>(43.3) | 146,442<br>(25.0) | -93,523<br>(58.5) | | |
| **मिलियन एस डी आर** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 61,653<br>(23.1) | 9,666<br>(72.3) | 51,987<br>(16.9) | 90,777<br>(21.7) | 29,605<br>(37.5) | 61,172<br>(15.2) | -29,124 | -19,939 | -9,185 |
| 2007-08 सं. | 73,055<br>(18.5) | 12,671<br>(31.1) | 60,384<br>(16.2) | 111,341<br>(22.7) | 35,307<br>(19.3) | 76,034<br>(24.3) | -38,286 | -22,636 | -15,650 |
| 2008-09 अ | 83,338<br>(14.1) | .. | .. | 142,875<br>(28.3) | 49,649<br>(40.6) | 93,226<br>(22.6) | -59,537 | | |

अ : अनंतिम  सं. : संशोधित  .. : अनुपलब्ध  * : आंकड़े अप्रैल-अक्तूबर से संबंधित हैं।

**टिप्पणी** : 1. कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।
2. आंकड़ों का परिवर्तन आवधिक औसत विनिमय दर का उपयोग कर के किया गया है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 3: भारत के निर्यात की प्रमुख वस्तुएं

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु / समूह | अप्रैल-अक्तूबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **9,878.5** | **12,611.8** | **15,963.9** | **27.7** | **26.6** |
| | (13.9) | (14.4) | (14.7) | | |
| **अ. कृषि और संबद्ध उत्पाद** | **6,454.1** | **8,377.0** | **11,239.4** | **29.8** | **34.2** |
| *जिसमें से:* | (9.1) | (9.5) | (10.4) | (4.9) | (8.7) |
| 1. चाय | 274.4 | 284.0 | 356.6 | 3.5 | 25.6 |
| 2. कॉफी | 261.9 | 242.1 | 326.4 | -7.6 | 34.8 |
| 3. चावल | 831.6 | 1,375.2 | 1,504.2 | 65.4 | 9.4 |
| 4. गेहूँ | 7.0 | 0.0 | 0.1 | -99.4 | 46.0 |
| 5. अपशिष्ट सहित कच्ची रुई | 372.4 | 294.7 | 386.3 | -20.9 | 31.1 |
| 6. तंबाकू | 219.3 | 277.2 | 446.2 | 26.4 | 61.0 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 319.7 | 303.6 | 424.1 | -5.0 | 39.7 |
| 8. मसाले | 363.4 | 758.1 | 862.1 | 108.6 | 13.7 |
| 9. आयल मील | 441.9 | 555.0 | 1,208.1 | 25.6 | 117.7 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 958.1 | 1,076.0 | 972.0 | 12.3 | -9.7 |
| 11. चीनी और खांड़सारी | 525.2 | 718.0 | 974.5 | 36.7 | 35.7 |
| **आ. अयस्क और खनिज** | **3,424.4** | **4,234.8** | **4,724.6** | **23.7** | **11.6** |
| *जिसमें से:* | (4.8) | (4.8) | (4.4) | | |
| 1. लौह अयस्क | 1,779.9 | 2,320.4 | 2,559.4 | 30.4 | 10.3 |
| 2. प्रसंस्कृत खनिज | 775.4 | 736.7 | 927.6 | -5.0 | 25.9 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **47,673.5** | **57,620.4** | **69,533.2** | **20.9** | **20.7** |
| *जिसमें से:* | | (67.2) | (65.6) | (64.1) | |
| **अ. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं** | **1,719.9** | **1,997.1** | **2,222.9** | 16.1 | 11.3 |
| **आ. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | **9,686.1** | **11,427.6** | **13,984.2** | 18.0 | 22.4 |
| 1. मूल रसायन, भेषज वस्तुएं और प्रसाधन सामग्री | 6,072.9 | 7,453.6 | 9,392.6 | 22.7 | 26.0 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 1,855.3 | 1,868.8 | 2,006.5 | 0.7 | 7.4 |
| 3. रबड़, कांच, पेंट और एनामेल आदि | 1,344.0 | 1,632.7 | 1,852.0 | 21.5 | 13.4 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध उत्पाद | 413.9 | 472.5 | 733.1 | 14.2 | 55.2 |
| **इ. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **16,213.4** | **20,379.7** | **28,022.9** | **25.7** | **37.5** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. धातुओं से विनिर्मित | 2,813.2 | 3,772.1 | 4,657.6 | 34.1 | 23.5 |
| 2. मशीन और उपकरण | 3,784.6 | 4,933.5 | 6,361.3 | 30.4 | 28.9 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 2,634.1 | 3,704.4 | 6,408.9 | 40.6 | 73.0 |
| 4. लोहा और इस्पात | 2,932.9 | 3,108.9 | 4,372.0 | 6.0 | 40.6 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 1,604.3 | 1,820.7 | 2,609.9 | 13.5 | 43.3 |
| **ई. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **9,868.5** | **10,930.7** | **11,632.0** | **10.8** | **6.4** |
| 1. सूती धागा, कपड़ा उससे बनी वस्तुएं आदि | 2,444.5 | 2,589.9 | 2,684.0 | 5.9 | 3.6 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, कपड़ा से बनी वस्तुएं (सिल्क अपशिष्ट सहित) | 254.7 | 222.9 | 229.2 | -12.5 | 2.8 |
| 3. कृत्रिम धागा,कपड़ा, उससे बनी तैयार वस्तुएं आदि | 1,233.7 | 1,643.8 | 1,919.1 | 33.2 | 16.7 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल फाइबर | 94.8 | 139.4 | 182.6 | 47.0 | 31.0 |
| 5. ऊनी धागा,कपड़ा, उससे बनी तैयार वस्तुएं आदि | 49.7 | 49.4 | 60.6 | -0.7 | 22.8 |
| 6. तैयार कपड़े | 5,005.9 | 5,457.4 | 5,784.1 | 9.0 | 6.0 |
| 7. जूट और जूट से विनिर्मित वस्तुएं | 176.4 | 190.8 | 205.3 | 8.1 | 7.6 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 80.5 | 91.8 | 89.5 | 14.1 | -2.5 |
| 9. कार्पेट | 528.2 | 545.3 | 477.7 | 3.2 | -12.4 |
| (क) हस्त निर्मित कार्पेट | 514.2 | 536.3 | 473.8 | 4.3 | -11.7 |
| (ख) मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | – | – |
| (ग) रेशमी कार्पेट | 14.1 | 8.9 | 3.9 | -36.7 | -55.7 |
| **उ रत्न और आभूषण** | **9,259.2** | **11,747.2** | **12,622.3** | **26.9** | **7.4** |
| **ऊ हस्त शिल्प** | **275.6** | **382.2** | **187.9** | **38.7** | **-50.8** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **11,467.1** | **15,116.4** | **20,453.8** | **31.8** | **35.3** |
| | **(16.2)** | **(17.2)** | **(18.9)** | **(6.5)** | **(9.6)** |
| **IV. अन्य** | **1,932.3** | **2,456.8** | **2,456.1** | **27.1** | **0.0** |
| | **(2.7)** | **(2.8)** | **(2.3)** | | |
| **कुल निर्यात** | **70,951.4** | **87,805.4** | **108,407.0** | **23.8** | **23.5** |

अ : अनंतिम

**टिप्पणी :** कोष्ठकों के आंकड़े उस अवधि में कुल निर्यात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

**विवरण 4: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - निर्यात**

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-अक्तूबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **29,835.4** | **35,586.8** | **41,039.6** | **19.3** | **15.3** |
| **अ. यूरोपीय संघ** | **14,740.8** | **18,840.2** | **23,083.5** | **27.8** | **22.5** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 1,889.0 | 2,428.6 | 2,995.0 | 28.6 | 23.3 |
| 2. फ्रांस | 1,200.4 | 1,393.0 | 1,686.8 | 16.0 | 21.1 |
| 3. जर्मनी | 2,199.4 | 2,845.3 | 3,488.0 | 29.4 | 22.6 |
| 4. इटली | 1,963.0 | 2,204.7 | 2,356.0 | 12.3 | 6.9 |
| 5. नीदरलैंड | 1,395.3 | 2,506.6 | 3,894.0 | 79.6 | 55.3 |
| 6. यूके | 3,099.9 | 3,794.6 | 3,780.5 | 22.4 | -0.4 |
| **आ. उत्तरी अमरीका** | **11,650.1** | **12,727.6** | **13,561.0** | **9.2** | **6.5** |
| 1. कनाडा | 654.0 | 716.2 | 802.5 | 9.5 | 12.1 |
| 2. यू एस ए | 10,996.17 | 12,011.44 | 12,758.45 | 9.2 | 6.2 |
| **इ. एशिया और ओशेनिया** | **2,481.4** | **2,651.0** | **2,734.3** | **6.8** | **3.1** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 524.6 | 674.3 | 810.5 | 28.5 | 20.2 |
| 2. जापान | 1,507.4 | 1,895.4 | 1,797.0 | 25.7 | -5.2 |
| **ई आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **963.1** | **1,368.0** | **1,660.8** | **42.1** | **21.4** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 241.7 | 341.0 | 392.6 | 41.1 | 15.1 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **12,140.6** | **15,309.8** | **21,576.8** | **26.1** | **40.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 1,013.6 | 971.3 | 1,645.6 | -4.2 | 69.4 |
| 2. ईरान | 977.7 | 1,424.2 | 1,570.3 | 45.7 | 10.3 |
| 3. इराक | 111.5 | 117.0 | 231.5 | 4.9 | 97.9 |
| 4. कुवैत | 351.8 | 370.7 | 483.9 | 5.4 | 30.5 |
| 5. सऊदी अरब | 1,394.1 | 1,965.8 | 3,580.5 | 41.0 | 82.1 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 7,144.5 | 8,966.5 | 12,140.3 | 25.5 | 35.4 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **858.6** | **976.4** | **1,297.9** | **13.7** | **32.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1 रूस | 489.1 | 506.6 | 680.8 | 3.6 | 34.4 |
| **IV. विकासशील देश** | **27,985.9** | **35,616.9** | **43,719.6** | **27.3** | **22.7** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **20,754.2** | **25,860.9** | **31,888.1** | **24.6** | **23.3** |
| **क. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **3,678.5** | **4,635.1** | **5,539.5** | **26.0** | **19.5** |
| 1. अफगानिस्तान | 91.9 | 136.6 | 215.3 | 48.6 | 57.6 |
| 2. बांग्लादेश | 919.8 | 1,241.4 | 1,623.5 | 35.0 | 30.8 |
| 3. भूटान | 27.7 | 49.1 | 63.4 | - | 29.1 |
| 4. मालदीव | 39.4 | 48.2 | 64.8 | 22.3 | 34.3 |
| 5. नेपाल | 546.9 | 752.8 | 977.7 | 37.7 | 29.9 |
| 6. पाकिस्तान | 789.3 | 917.1 | 914.0 | 16.2 | -0.3 |
| 7 श्रीलंका | 1,263.4 | 1,489.7 | 1,680.8 | 17.9 | 12.8 |
| **ख. अन्य एशियाई विकासशील देश** | **17,075.7** | **21,225.8** | **26,348.6** | **24.3** | **24.1** |
| *जिसमें:* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 4,015.5 | 4,718.3 | 4,829.6 | 17.5 | 2.4 |
| 2. हांगकांग | 2,633.3 | 3,532.6 | 4,154.9 | 34.1 | 17.6 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 1,267.1 | 1,362.9 | 2,216.4 | 7.6 | 62.6 |
| 4. मलेशिया | 688.1 | 1,237.3 | 1,712.4 | 79.8 | 38.4 |
| 5. सिंगापूर | 3,846.6 | 3,831.8 | 5,750.1 | -0.4 | 50.1 |
| 6. थाइलैंड | 795.4 | 1,014.9 | 1,246.4 | 27.6 | 22.8 |
| **आ. अफ्रीका** | **4,899.8** | **6,948.3** | **7,709.7** | **41.8** | **11.0** |
| *जिसमें:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 82.7 | 131.6 | 121.6 | 59.2 | -7.6 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 379.6 | 757.6 | 1,134.7 | 99.6 | 49.8 |
| 3. केन्या | 877.1 | 720.4 | 937.3 | -17.9 | 30.1 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,365.0 | 1,466.9 | 1,274.9 | 7.5 | -13.1 |
| 5. सूडान | 234.8 | 223.0 | 265.7 | -5.0 | 19.2 |
| 6. तंजानिया | 169.7 | 326.1 | 704.4 | 92.2 | 116.0 |
| 7. जांबिया | 68.0 | 90.6 | 62.1 | 33.2 | -31.4 |
| **इ. लैटिन अमरीकी देश** | **2,331.9** | **2,807.6** | **4,121.8** | **20.4** | **46.8** |
| **V. अन्य** | **68.3** | **182.1** | **339.8** | **166.5** | **86.6** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **62.5** | **133.5** | **433.3** | **113.5** | **224.7** |
| **कुल निर्यात** | **70,951.4** | **87,805.4** | **108,407.0** | **23.8** | **23.5** |

अ : अनंतिम

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

**विवरण 5: भारत के आयात की प्रमुख वस्तुएं**

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| पण्य / समूह | अप्रैल-अक्तूबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. थोक आयात** | **49,405.1** | **60,204.2** | **98,010.1** | **21.9** | **62.8** |
| | (47.4) | (45.2) | (53.2) | | |
| **अ. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध वस्तुएं** | **35,135.52** | **41,150.70** | **69,605.15** | **17.1** | **69.1** |
| | **(33.7)** | **(30.9)** | **(37.8)** | | |
| **आ. थोक उपभोग वस्तुएं** | **1,964.6** | **2,553.8** | **2,611.3** | **30.0** | **2.3** |
| 1. गेहूँ | 189.3 | 117.3 | 0.0 | -38.0 | -100.0 |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 21.2 | 21.5 | 25.7 | 1.5 | 19.4 |
| 3. खाद्य तेल | 1,359.4 | 1,673.5 | 1,868.0 | 23.1 | 11.6 |
| 4. दालें | 394.1 | 741.0 | 710.6 | 88.0 | -4.1 |
| 5. चीनी | 0.6 | 0.5 | 7.0 | -28.8 | 1,432.3 |
| **इ. अन्य थोक मदें** | **12,304.9** | **16,499.8** | **25,793.7** | **34.1** | **56.3** |
| 1. उर्वरक | 1,897.7 | 2,965.3 | 9,961.2 | 56.3 | 235.9 |
| क) कच्चा तेल | 213.6 | 242.5 | 647.7 | 13.5 | 167.1 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइट | 61.3 | 129.7 | 592.7 | 111.5 | 357.1 |
| ग) विनिर्मित वस्तुएँ | 1,622.8 | 2,593.2 | 8,720.7 | 59.8 | 236.3 |
| 2. अलौह धातुएं | 1,473.3 | 1,964.8 | 2,083.1 | 33.4 | 6.0 |
| 3. कागज, पेपर बोर्ड और न्यूजप्रिंट सहित विनिर्मित | 750.5 | 827.3 | 1,168.4 | 10.2 | 41.2 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 337.8 | 437.8 | 672.9 | 29.6 | 53.7 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज | 362.7 | 454.4 | 516.6 | 25.3 | 13.7 |
| 6. धात्विक अयस्क और धातु स्क्रैप | 4,049.5 | 4,661.1 | 5,375.7 | 15.1 | 15.3 |
| 7. लोहा और इस्पात | 3,433.3 | 5,189.1 | 6,015.9 | 51.1 | 15.9 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **54,725.1** | **72,945.2** | **86,199.0** | **33.3** | **18.2** |
| | (52.6) | (54.8) | (46.8) | | |
| **अ. पूंजीगत वस्तुएं** | **23,167.3** | **30,928.2** | **37,080.1** | **33.5** | **19.9** |
| 1. धातु से निर्मित | 829.3 | 1,253.2 | 1,936.4 | 51.1 | 54.5 |
| 2. मशीन औजार | 800.7 | 1,141.8 | 1,447.5 | 42.6 | 26.8 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनरी | 7,468.1 | 10,044.6 | 13,291.9 | 34.5 | 32.3 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनरी | 1,119.2 | 1,624.8 | 1,995.2 | 45.2 | 22.8 |
| 5. कप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 9,732.2 | 12,659.9 | 12,324.1 | 30.1 | -2.7 |
| 6. परिवहन के उपस्कर | 2,219.0 | 3,457.5 | 4,316.0 | 55.8 | 24.8 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 998.8 | 746.3 | 1,768.9 | -25.3 | 137.0 |
| **आ. मुख्यत: निर्यात से संबंधित मदें** | **10,390.9** | **12,843.1** | **15,313.3** | **23.6** | **19.2** |
| 1. मोती, मूल्यवान और कम-मूल्यवान रत्न | 4,254.5 | 5,486.4 | 4,724.2 | 29.0 | -13.9 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनआर्गेनिक | 4,544.8 | 5,649.9 | 8,669.4 | 24.3 | 53.4 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक आदि | 1,308.7 | 1,444.0 | 1,505.2 | 10.3 | 4.2 |
| 4. काजू, कच्चा | 282.9 | 262.7 | 414.6 | -7.2 | 57.8 |
| **ग. अन्य** | **21,166.9** | **29,174.0** | **33,805.6** | **37.8** | **15.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 8,936.2 | 12,709.8 | 11,359.2 | 42.2 | -10.6 |
| 2. कृत्रिम रेजिन और प्लास्टिक वस्तुएं | 1,522.5 | 2,101.9 | 2,460.9 | 38.1 | 17.1 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपकरण | 1,317.9 | 1,725.8 | 2,252.3 | 30.9 | 30.5 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 2,543.4 | 3,465.0 | 6,787.8 | 36.2 | 95.9 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 662.8 | 982.4 | 1,075.1 | 48.2 | 9.4 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 798.8 | 931.2 | 1,283.0 | 16.6 | 37.8 |
| 7. अधात्विक खनिज विनिर्माण | 444.4 | 577.7 | 728.2 | 30.0 | 26.1 |
| **कुल आयात** | **104,130.2** | **133,149.4** | **184,209.2** | **27.9** | **38.3** |
| *ज्ञापन मदें* | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | **68,994.6** | **91,998.7** | **114,604.0** | **33.3** | **24.6** |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | **60,058.5** | **79,289.0** | **103,244.9** | **32.0** | **30.2** |
| **मुख्यत औद्योगिक निविष्टयां*** | **55,153.1** | **72,416.2** | **89,660.5** | **31.3** | **23.8** |

अ : अनंतिम

* : सोने और चांदी, थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण को घटाकर तेल से इतर आयात।

**टिप्पणी** : कोष्ठकों के आंकड़े उस अवधि में कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 6: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-अक्तूबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **34,149.3** | **45,521.3** | **54,533.7** | **33.3** | **19.8** |
| **अ. यूरोपीय संघ** | **15,093.5** | **19,507.6** | **22,268.3** | **29.2** | **14.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 2,285.8 | 3,066.9 | 2,892.6 | 34.2 | -5.7 |
| 2. फ्रांस | 1,198.4 | 1,369.6 | 1,635.7 | 14.3 | 19.4 |
| 3. जर्मनी | 4,150.5 | 5,185.4 | 6,272.1 | 24.9 | 21.0 |
| 4. इटली | 1,460.7 | 2,077.2 | 2,737.2 | 42.2 | 31.8 |
| 5. नीदरलैंड | 624.5 | 924.5 | 1,054.0 | 48.0 | 14.0 |
| 6. यूके | 2,292.5 | 3,000.9 | 3,171.3 | 30.9 | 5.7 |
| **आ. उत्तरी अमरीका** | **6,666.9** | **8,859.9** | **11,671.7** | **32.9** | **31.7** |
| 1. कनाडा | 731.8 | 1,021.3 | 1,212.9 | 39.6 | 18.8 |
| 2. यू एस ए | 5,935.16 | 7,838.66 | 10,458.79 | 32.1 | 33.4 |
| **इ. एशिया और ओशेनिया** | **6,792.3** | **8,811.1** | **10,809.2** | **29.7** | **22.7** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 4,099.7 | 5,060.2 | 5,941.1 | 23.4 | 17.4 |
| 2. जापान | 2,534.7 | 3,551.1 | 4,600.8 | 40.1 | 29.6 |
| **ई. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **5,596.5** | **8,342.7** | **9,784.6** | **49.1** | **17.3** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 5,274.7 | 6,855.1 | 7,946.9 | 30.0 | 15.9 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **33,757.2** | **40,665.0** | **67,343.2** | **20.5** | **65.6** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 2,092.5 | 2,730.1 | 3,949.2 | 30.5 | 44.7 |
| 2. ईरान | 4,491.5 | 5,594.6 | 8,774.4 | 24.6 | 56.8 |
| 3. इराक | 3,517.8 | 3,319.8 | 6,101.0 | -5.6 | 83.8 |
| 4. कुवैत | 3,472.0 | 3,676.1 | 7,123.2 | 5.9 | 93.8 |
| 5. सऊदी अरब | 8,491.6 | 9,678.6 | 15,149.8 | 14.0 | 56.5 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 4,997.0 | 7,310.1 | 11,377.7 | 46.3 | 55.6 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1,893.5** | **2,169.4** | **4,352.9** | **14.6** | **100.6** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. रूस | 1,059.9 | 1,330.0 | 2,782.3 | 25.5 | 109.2 |
| **IV. विकासशील देश** | **34,025.2** | **44,368.4** | **57,333.6** | **30.4** | **29.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **27,151.5** | **35,803.8** | **46,064.1** | **31.9** | **28.7** |
| **क. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **889.5** | **1,000.1** | **1,172.4** | **12.4** | **17.2** |
| 1. अफ़गानिस्तान | 28.1 | 46.4 | 68.7 | 65.0 | 48.1 |
| 2. बांग्लादेश | 139.4 | 163.0 | 217.9 | 16.9 | 33.7 |
| 3. भूटान | 67.7 | 117.0 | 98.4 | 72.8 | -15.9 |
| 4. मालदीव | 1.9 | 2.3 | 2.2 | 19.0 | -2.8 |
| 5. नेपाल | 162.1 | 244.2 | 312.5 | 50.6 | 28.0 |
| 6. पाकिस्तान | 192.5 | 149.4 | 253.6 | -22.4 | 69.8 |
| 7. श्रीलंका | 297.7 | 277.9 | 219.1 | -6.7 | -21.2 |
| **ख. अन्य एशियाई विकासशील देश** | **26,262.0** | **34,803.7** | **44,891.7** | **32.5** | **29.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 9,471.6 | 15,343.8 | 18,971.0 | 62.0 | 23.6 |
| 2. हांगकांग | 1,425.9 | 1,631.1 | 1,668.7 | 14.4 | 2.3 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 2,816.9 | 3,264.1 | 5,184.7 | 15.9 | 58.8 |
| 4. मलेशिया | 3,186.0 | 3,439.8 | 4,658.8 | 8.0 | 35.4 |
| 5. सिंगापुर | 3,208.1 | 4,192.7 | 4,728.4 | 30.7 | 12.8 |
| 6. थाइलैंड | 953.6 | 1,391.0 | 1,650.7 | 45.9 | 18.7 |
| **आ. अफ्रीका** | **4,154.2** | **5,491.6** | **7,922.1** | **32.2** | **44.3** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 64.5 | 57.3 | 98.2 | -11.1 | 71.3 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 106.9 | 1,136.6 | 1,361.4 | 2.7 | 19.8 |
| 3. केन्या | 33.3 | 50.6 | 49.2 | 52.0 | -2.7 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,638.9 | 2,235.7 | 3,009.5 | 36.4 | 34.6 |
| 5. सूडान | 48.9 | 150.4 | 328.8 | 207.6 | 118.7 |
| 6. तंजानिया | 24.6 | 38.9 | 43.8 | 58.4 | 12.6 |
| 7. जांबिया | 71.4 | 60.8 | 59.8 | -14.8 | -1.6 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **2,719.6** | **3,073.0** | **3,347.4** | **13.0** | **8.9** |
| **V. अन्य** | **35.7** | **46.5** | **34.3** | **30.3** | **-26.3** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **269.2** | **378.8** | **611.5** | **40.7** | **61.4** |
| **कुल आयात** | **104,130.2** | **133,149.4** | **184,209.2** | **27.9** | **38.3** |

अ :अनंतिम

**टिप्पणी** : 2006-07 के आंकड़े, जिसमें पेट्रोलियम आयात का देश वार वितरण शामिल है, पिछले वर्ष के आंकड़ों से पूर्णतः तुलनीय नहीं हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।